# केवल मिसोप्रोस्टोल के साथ गर्भपात कैसे करें

**यह जानकारी उन गर्भावस्था के लिए है जो आपके अंतिम मासिक धर्म के पहले दिन से 13 सप्ताह या उससे कम समय की हों।**


## गोलियों के साथ गर्भपात के विपरीत संकेत

मेडिकल गर्भपात ज्यादातर लोगों के लिए सुरक्षित है, लेकिन गर्भपात की गोलियों के उपयोग में कुछ मतभेद भी हैं।

**मिसोप्रोस्टोल लेने की सलाह नहीं दी जाती है अगर:**

- आप **रक्त को पतला करने वाली** दवा जैसे कि हेपरिन और वारफारिन का उपयोग कर रहे हैं।
- आपको मिसोप्रोस्टोल या प्रोस्टाग्लैंडीन से **एलर्जी** है।
- आपको अस्थानिक गर्भावस्था है यानी आपकी गर्भावस्था गर्भाशय के बाहर है।

अस्थानिक गर्भावस्था में गर्भपात की गोलियों का उपयोग करना आपको नुकसान नहीं पहुंचाएगा, लेकिन यह **गर्भावस्था को समाप्त नहीं करेगा**। यदि आपको लगता है आपकी गर्भावस्था अस्थानिक है यानी गर्भाशय के बाहर है, तो **चिकित्सा देखभाल लें**।




**आईयूडी (इंट्रा-यूटेराइन डिवाइस) का उपयोग करना गर्भपात की गोलियों के लिए एक विपरीत संकेत नहीं है, लेकिन:**

- आईयूडी के साथ अस्थानिक गर्भावस्था होने का खतरा बढ़ जाता है।
- अत्यधिक ऐंठन होने की संभावना है।
- गर्भपात की गोलियों का उपयोग करने से पहले आईयूडी को हटा दिया जाना सुरक्षित है।

## केवल मिसोप्रोस्टोल के साथ गर्भपात करने का तरीका



आइबूप्रोफेन (Ibuprofen)[1]
*800 mg*
**1 गोली**




मिसोप्रोस्टोल[2]
*200 mcg*
**12 गोलियाँ**


**मिसोप्रोस्टोल की 12 गोलियों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।** यदि आप 12 मिसोप्रोस्टोल गोलियां नहीं ले सकते हैं, तो आप केवल 8 गोलियों के साथ प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, लेकिन असर कम होगा, खासकर यदि आप 10-13 सप्ताह की गर्भवती हैं।

**1** **800 mg आइबुप्रोफ़ेन** लें

30 मिनट तक इंतज़ार करें




**2** **4 मिसोप्रोस्टोल गोलियां** (प्रत्येक *200 mcg)* अपनी जीभ के नीचे रखें और उन्हें 30 मिनट तक वहीं रहने दें।



**30 मिनट** के बाद, आप थोड़ा पानी पी सकते हैं और जो गोलियां मुँह में बची हैं उन्हें निगल सकते हैं।

3 घंटो तक इंतज़ार करें


**3** **4 और मिसोप्रोस्टोल गोलियां** (प्रत्येक *200 mcg)* अपनी जीभ के नीचे रखें और उन्हें 30 मिनट तक वहीं रहने दें।



**30 मिनट** के बाद, आप थोड़ा पानी पी सकते हैं और जो गोलियां मुँह में बची हैं उन्हें निगल सकते हैं।

3 घंटो तक इंतज़ार करें

**4** **4 और मिसोप्रोस्टोल गोलियां** (प्रत्येक *200 mcg)* अपनी जीभ के नीचे रखें और उन्हें 30 मिनट तक वहीं रहने दें।



**30 मिनट** के बाद, आप थोड़ा पानी पी सकते हैं और जो गोलियां मुँह में बची हैं उन्हें निगल सकते हैं।

---

[1] अगर आपको आइबूप्रोफेन से एलर्जी है, तो अन्य दवा के लिए हमारे सलाहकारों से संपर्क करें।

[2] इन गोलियों को देश के आधार पर अन्य प्रकार और रुपों में पाया जा सकता है।

